प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। शिमला में आज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस थानों को जनसंख्या, भौगोलिक कारक, ग्रामीण और शहरी आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी कार्य क्षमता को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक स्टाफ भी उपलब्ध करवाया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए जल्द ही खाली पदों को भरा जाएगा और एक हजार 2 सौ 26 पुलिस जवान व 30 सब–इन्सपेक्टरों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पुलिस सुधार अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं और प्रदेश सरकार अपराधियों के खिलाफ कड़े कानून सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रग माफिया के खिलाफ प्रदेश में एंटी ड्रग एक्ट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में डेटा संग्रहित और व्यवस्थित करने के लिए एक डेटा वेयरहाउस व क्लियरिंग एजेंसी भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यप्रणाली में सुधार और परिचालन कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

नितिन गड़करी

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में नितिन गडकरी ने कहा कि यह वार्षिक आयोजन केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल बढ़ाने व राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों व समन्वित रणनीतियों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार करने, श्रेष्ठ पद्धतियां साझा करने और परिवर्तनकारी परिवहन नीतियों को समान रूप से लागू करने के लिए इस प्रकार का संवाद आवश्यक है। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी भाग लिया और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विकासात्मक मामलों पर अपने विचार रखे।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि किसानों, बागवानों व पशुपालकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आज पालमपुर में एक करोड़ 91 लाख रूपए की लागत से बनी प्रदेश की पहली आईवीएफ प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। चंद्र कुमार ने कहा कि

ढगवार में लगभग अढ़ाई सौ करोड़ रूपए की लागत से दुग्ध प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध प्रसंस्करण की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशु जनगणना का कार्य अंतिम चरण में हैं और इससे लावारिस पशुओं की संख्या का पता भी लग सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए भी गंभीरता से कार्य कर रही है।

<u>वायरस</u>

देश में नए ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को तैयारियों के दिशा निर्देश जारी किए हैं। अभी तक एच.एम.पी.वी. वायरस के मामले पांच राज्यों में पाए गए हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव ने भी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं हालांकि प्रदेश में इस वायरस का अभी कोई भी मामला सामने नहीं आया है। आई.जी.एम.सी शिमला के मैडिसन विभाग के सहायक प्रौफेसर उशेंद्र ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस एक सामान्य वायरस है जो ज्यादातर बच्चों, वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षक क्षमता वाले लोगों में फैलता है। उन्होंने बताया कि इस वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

<u>अभियान</u>

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आज शिमला में सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सीएमपी क्रासिंग पर वाहन चालकों को पत्रक वितरित किए गए और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि जिले में ये अभियान 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा और 31 जनवरी को गेयटी में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। इससे पहले उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह को लेकर एक बैठक भी आयोजित की गई।

<u>भेंट</u>

प्रदेश कम्प्यूटर शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनकी न्यायोचित मांगों पर सहानभूतिपूर्वक विचार करेगी।

---